आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर
दिनांक : 02.11.2024
समय : 0705
<><><><><><><>

- विभिन्न राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों की स्थापना दिवस के अवसर पर कल राज निवास में कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- युवा कार्य और खेल मंत्री डॉ मनसुख मांडविया ने युवाओं से राष्ट्रीय युवा पुरस्कार के लिए आवेदन करने का आह्वान किया है।
- कृषि मंत्रालय की ओर से द्वीपसमूह में कृषि और बागवानी फसलों के लिए यूटी बीज उप–समिति का पुनर्गठन किया गया है।
- श्री विजयपुरम में चार से अट्ठारह नवम्बर तक सर्किट कोर्ट का आयोजन किया जाएगा।
- औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान डॉलीगंज और एल एंड टी कंस्ट्रक्शन स्कील्स ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट कांचीपुरम की ओर से रोज़गार मेले का आयोजन किया जाएगा

<><><><><><><>

'एक भारत श्रेष्ठ भारत' पहल के तहत और भारत सरकार के गृह मंत्रालय के निर्देशों के अनुसार, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, पंजाब और तमिलनाडु राज्यों और जम्मू और कश्मीर, लद्दाख, अंडमान निकोबार द्वीप समूह, चंडीगढ़, दिल्ली, लक्षद्वीप तथा पुडुचेरी के केंद्र शासित प्रदेशों का स्थापना दिवस कल राज निवास में मनाया गया। इन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से आने वाले लोगों ने समारोह में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान व्यापक बातचीत और अनुभव साझा करने का सत्र भी आयोजित किया गया। प्रतिभागियों ने इस पहल के लिए उन्हें अपने विचार साझा करने और मंच प्रदान करने के लिए भारत सरकार के गृह मंत्रालय और राज निवास का आभार व्यक्त किया।

<><><><><><><>

युवा कार्य और खेल मंत्री डॉ मनसुख मांडविया ने युवाओं का आह्वान किया है कि वे प्रतिष्ठित राष्ट्रीय युवा पुरस्कार दो हजार बाईस–तेइस के लिए आवेदन करें। डॉ. मांडविया ने कहा कि ये पुरस्कार पन्द्रह से उन्तीस वर्ष की आयु के व्यक्तियों और संगठनों को विकास और समाज सेवा के विभिन्न क्षेत्रो में उत्कृष्ट कार्य और योगदान के लिए दिए जाते हैं। पुरस्कार के रूप में पदक, प्रमाण–पत्र और एक लाख रूपये नकद तथा संगठन के मामले में तीन लाख रूपये नकद दिए जाते हैं। दो हजार बाईस–तेइर्स के

राष्ट्रीय युवा पुरस्कारों के लिए आवेदन गृह मंत्रालय के पुरस्कार पोर्टल के माध्यम से आमंत्रित किए गए हैं। पन्द्रह नवम्बर तक आवेदन किया जा सकता है।

<><><><><><><>

चावरा, कर्लयु, ईस्ट ननकौड़ी, नारकोंडम, नॉर्थ पैसेज, पिलोमिलो, स्टीवर्ट स्ट्रेट, तिलांगचांग द्वीप के लिए अंडमान निकोबार प्रशासन ने समन्वित द्वीप प्रबंधन योजना तैयार करने का जिम्मा राष्ट्रीय सतत तटीय प्रबंधन केन्द्र, चेन्नई को सौंपा है। चेन्नई की राष्ट्रीय सतत तटीय प्रबंधन केन्द्र के लिए तैयार इस योजना का मसौदा तटीय प्रबंधन की ओर से जमा किया गया है और अब हितधारकों से सुझाव व टिप्पणियां आमंत्रित की गई है। यह मैप अंडमान निकोबार प्रशासन की वेबसाइट के अलावा पर्यावरण और वन विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। मसौदा की सॉफ्ट कॉपी विभिन्न कार्यालयों की वेबसाइटों पर भी उपलब्ध कराया गया है। सुझाव और टिप्पणियां तीस दिनों के भीतर वन सदन स्थित ए पी सी सी एफ के कार्यालय में सीधे या मेल के जरिए भेजे जा सकते हैं।

<><><><><><><>

कृषि मंत्रालय की ओर से द्वीपसमूह में कृषि और बागवानी फसलों के लिए यूटी बीज उप–समिति का पुनर्गठन किया गया है। प्रशासन ने उप–समिति में बीज उत्पादकों, बीज व्यापारी और किसानों को शामिल करने का निर्णय लिया है। बीज अधिनियम उन्नीस सौ छियासठ के कार्यान्वयन से संबंधित सभी मामलों पर राज्य सरकार को सलाह देने, समीक्षा करने के साथ समय–समय पर रिपोर्ट भेजने, प्रयोगशाला का निरीक्षण करने, शैक्षिक कार्यक्रम को संचालित करने, क्षेत्रों में उगाई जाने वाली फसलों की विभिन्न किस्मों की योजना बनाने और आवश्यक बीजों का आंकलन करने, फसलों की नई किस्मे जारी करने जैसे कार्यों को कियान्वित करने के लिए उप–समिति का गठन किया गया है। इच्छुक बीज उत्पादक, बीज विक्रेता और किसान निर्धारित प्रपत्र में आवेदन फार्म भरकर पन्द्रह दिनों के भीतर कृषि निदेशक के पते पर जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम में चार से अट्ठारह नवम्बर तक सर्किट कोर्ट का आयोजन किया जाएगा। कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति राजशेखर मंथा और न्यायमूर्ति पार्थ सारथी सेन मामलों की सुनवाई करेंगे।

<><><><><><><>

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान डॉलीगंज और एल एंड टी कंस्ट्रक्शन स्कील्स ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट कांचीपुरम की ओर से रोज़गार मेला का आयोजन किया जाएगा। आई टी आई डॉलीगंज में छः और सात नवम्बर को प्रशिक्षण सह प्लेसमेंट अभियान आयोजित की जाएगी। आई टी आई प्रमाणपत्र धारक उम्मीदवार और दसवीं या बारहवीं पास पुरूष उम्मीदवार इसके लिए पात्र होंगे। उम्मीदवार की आयु अट्ठारह से चौंतीस वर्ष होनी चाहिए।

यह निशुल्क प्रशिक्षण कांचीपुरम के प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित की जाएगी। विभिन्न ट्रेडों में निर्धारित समय अवधि के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। उम्मीदवारों को निर्धारित तिथि पर सुबह साढ़े नौ बजे संस्थान में उपस्थित रहने को कहा गया है।

**<><><><><><><>**

किसी भी तरह के अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति को जारी रखते हुए, पहाड़गांव पुलिस थाने की टीम ने एक बार फिर चोरी के एक मामले को सुलझाया है और एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। अट्ठाइस अक्टूबर को अल–हिदाया मस्जिद कोडियाघाट के सचिव ने मस्जिद में नकदी से भरे दान बॉक्स की चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। शिकायत प्राप्त होने पर पहाड़गांव पुलिस थाना प्रभारी इंस्पेक्टर मोहम्मद इलियास के नेतृत्व में एक पुलिस टीम का गठन किया गया। तलाशी अभियान के दौरान, टीम ने सीसीटीवी फुटेज की जांच की, जिससे संदिग्ध की पहचान हुई। ओग्राब्रांज निवासी अब्दुल सज्जाद से पूछताछ के दौरान उसने अपना जुर्म कबूला और कोडियाघाट मस्जिद के पास एक नाले से चोरी की संपत्ति बरामद की गई। पुलिस ने आम जनता से अनुरोध किया है कि वे किसी भी अपराध या अन्य अवैध गतिविधियों से संबंधित जानकारी पुलिस के साथ साझा करें।

**<><><><><><><>**

अंडमान निकोबार एड्स नियंत्रण सोसाइटी के परियोजना निदेशक डॉ. सुब्राता साहा की अध्यक्षता में हाल ही में संयुक्त कार्य समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि एच आई वी केवल स्वास्थ्य समस्या नहीं है, बल्कि यह सामाजिक–आर्थिक तत्वों से प्रभावित भी है। इसके लिए हमें एकजुट होकर प्रयास करना होगा। इस अवसर पर डॉ. जहांआरा यास्मीन ने पावर प्वाइंट प्रस्तुति के माध्यम से कार्यक्रम के कार्यान्वयन और सोसाइटी की ओर से प्रदान की जाने वाली सेवाओं के बारे में जानकारी दी। बैठक में विभिन्न विभागों के करीब अट्ठाईस प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

**<><><><><><><>**

छोलदारी सब–डिविज़न के अंतर्गत एच टी लाईन को हटाने और रखरखाव का कार्य किए जाने के चलते आज टाइगर फीडर से बिजली की आपूर्ति बाधित रहेगी। कटौती दोपहर एक बजे तक होगी। प्रभावित क्षेत्रों में सीपीघाट, धन्नीखाड़ी, छोलदारी, पोर्ट मोट, ओग्राब्रांज, टुसनाबाद से तिरूर और नमूनाघर से डंडस प्वाइंट के क्षेत्र शामिल हैं।

उधर अण्डमान लोक निर्माण विभाग द्वारा लंबा लाइन में पाइपलाइन की मरम्मत किए जाने और भूमिगत बिजली केबलों को अलग करने के कारण आज सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक लंबा लाइन, डेयरी फार्म और हवाई अड्डा क्षेत्र में भी बिजली आपूर्ति बंद रहेगी।

**<><><><><><><>**

निर्मला सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में गणित, अंग्रेजी और शारीरिक शिक्षा शिक्षक के एक–एक पदों पर नियुक्ति की जाएगी। उम्मीदवार की आयु तीस वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। गणित और अंग्रेजी विषय के लिए चार वर्षीय समन्वित पाठ्यक्रम या स्नातक और दो वर्षीय बी एड डिग्री होना अनिवार्य है। उम्मीदवार को सीटीईटी पास होना चाहिए। आवेदन फार्म चार नवम्बर से स्कूल कार्यालय से जारी किए जाएंगे। उम्मीदवार तीस नवम्बर तक आवेदन कर सकते हैं।

**<><><><><><><>**